हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, शनिवार 18 जुलाई 2026

बिजली कटों पर फूटा लोगों का गुस्सा एसडीओ ऑफिस का 3 घंटे तक घेराव 12



अमेरिका के साथ ट्रेड डील रद्द करने की मांग को लेकर फूंका पुतला 12



# किसान की बेटी समायरा ने रचा इतिहास

## नीट यूजी 2026 में 643 अंक और ऑल इंडिया रैंक 1963 के साथ बढ़ाया सिरसा का मान

हरिभूमि न्यूज ⏭चोपटा

प्रतिभा किसी बड़े शहर या महंगे संसाधनों की मोहताज नहीं होती, यह बात सिरसा जिले के गांव मोहम्मदपुरिया की बेटी समायरा ने अपनी शानदार सफलता से साबित कर दी है। साधारण किसान परिवार से आने वाली समायरा ने नीट यूजी 2026 में 643 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 1963 हासिल की है। इस उपलब्धि के बाद पूरे गांव में खुशी का माहौल है और हर कोई इस होनहार बेटी की सफलता पर गर्व महसूस कर रहा है। भविष्य में वह ग्रामीण



समायरा

■ समायरा युवाओं के लिए प्रेरणा बनी

क्षेत्रों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में भी काम करना चाहती हैं। समायरा की इस उपलब्धि ने सिरसा जिले का गौरव बढ़ाया है। यह सफलता न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे मोहम्मदपुरिया गांव और क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।

### परिवार का सपना हुआ साकार

समायरा के पिता राजेश कुमार और माता सुमन खेती-बाड़ी से जुड़े हुए हैं। परिवार ने हमेशा शिक्षा को प्राथमिकता दी और बेटी के सपनों को साकार करने के लिए हर संभव प्रयास किया। ग्रामीण परिवेश में रहते हुए भी समायरा ने अपने लक्ष्य से कभी समझौता नहीं किया। नियमित अध्ययन, अनुशासित दिनचर्या और कठिन मेहनत के दम पर उन्होंने देश की सबसे कठिन प्रतियोगी परीक्षाओं में से एक में उल्लेखनीय सफलता हासिल की।समायरा के दादा कृष्ण देवकरण कड़वासरा भी इस उपलब्धि से बेहद उत्साहित हैं। परिवार का कहना है कि समायरा बचपन से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर रही हैं और डॉक्टर बनने का सपना लंबे समय से देख रही थीं। अब उनकी मेहनत रंग लाई है और उनका सपना साकार होने की दिशा में एक बड़ा कदम बढ़ चुका है।गांव मोहम्मदपुरिया में जैसे ही परिणाम की जानकारी पहुंची, बधाई देने वालों का तांता लग गया। ग्रामीणों, रिश्तेदारों और परिचितों ने परिवार को शुभकामनाएं दीं।

# नीट में पायनियर स्कूल का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

पायनियर कॉन्वेंट स्कूल, फतेहाबाद के विद्यार्थियों ने नीट-2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय की उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा को एक बार फिर साबित किया है। विद्यालय की छात्रा प्रांजल ग्रोवर ने 598 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 10,763 हासिल की। वहीं गुनिशा ने 562 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 28,312 प्राप्त की। छात्र अंकित ने 542 अंक प्राप्त कर ईडब्ल्यूएस श्रेणी में ऑल इंडिया रैंक 5,503 हासिल की, जबकि हिमांक ने 509 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर मैनेजिंग डायरेक्टर विजय निर्मोही, चेयरपर्सन शीलू निर्मोही, प्रिंसिपल गीतिका मेहता, वाइस प्रिंसिपल मैत्री निर्मोही, तनु भाटिया एवं डायरेक्टर निशांत निर्मोही ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं अध्यापकों रोहित, दिलप्रीत, रितु एवं एसके झा को बधाई दी तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन से विद्यालय ने एक बार फिर सफलता का नया इतिहास रचा है।



फतेहाबाद। नीट में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते स्कूल प्रबंधक।

### सफलता की मजबूत परंपरा

निदेशक ने बताया कि पायनियर कॉन्वेंट स्कूल पिछले कई वर्षों से मेडिकल एवं इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम देता आ रहा है। हाल के वर्षों में विद्यालय के अनेक विद्यार्थियों ने जेईई मेन एवं जेईई एडवांस में सफलता प्राप्त की है तथा देश के प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे आईआईटी, बिट्स पिलानी, एनआईटी, एम्स एवं सरकारी मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश प्राप्त कर विद्यालय, जिले और प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन, नियमित टेस्ट श्रृंखला, प्रतियोगी परीक्षाओं पर विशेष फोकस तथा अनुशासित शैक्षणिक वातावरण के कारण विद्यार्थी निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### चोरी करने का आरोपी काबू, तीन वारदातें कबूली

**सिरसा।** पुलिस ने दुकानों से सोना-चांदी और नकदी चोरी करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने सिरसा और फतेहाबाद क्षेत्र में चोरी की तीन अन्य वारदातें भी कबूल की हैं। पुलिस के अनुसार गौशाला मोहल्ला निवासी पवन कुमार ने शिकायत दी थी कि कीर्ति नगर स्थित उसकी गारमेंट्स की दुकान पर 3 जुलाई 2026 को एक युवक कपड़े खरीदने के बहाने आया और गल्ले से 8 हजार रुपए निकालकर फरार हो गया। शिकायत पर थाना शहर सिरसा में चोरी का मामला दर्ज कर जांच एबीवीटी स्टाफ को सौंपी गई।

### जीएसटी टीम की सिरसा में रेड

**सिरसा।** जीएसटी विभाग की टीम ने शुक्रवार को सिरसा में दस्तक दी। टीम ने शहर के चांदनी चौक स्थित एक आयरन स्टोर पर जांच पड़ताल की। टीम में जीएसटी विभाग के अधिकारी जांच पड़ताल के लिए पहुंचें। टीम तीन-चार गाडियों में सवार होकर पहुंची। साथ में सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस जवान भी थे। जांच के दौरान बाहरी लोगों के आने-जाने पर रोक लगा दी गई। जीएसटी टीम की औचक जांच की खबर मार्केट में फैलते ही कारोबारियों में हडक़ंप मच गया। बताया गया कि उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त सिरसा भी मौके पर मौजूद रहीं। टीम ने चांदनी चौक स्थित आयरन एंड हाईवेयर स्टोर की जांच शुरू की।

### शिक्षकों ने छुट्टियों से छेड़छाड़ रोकी मांग

**भट्टूकलां।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ, खण्ड भट्टूकलां के पदाधिकारियों ने रविवार, 19 जुलाई को मुख्यमंत्री द्वारा स्कूल प्रबंधन कमेटी और स्टाफ को ऑनलाइन संबोधित करने के फरमान की कड़े शब्दों में निंदा की है। खण्ड प्रधान सतपाल ढाका, सचिव अजय शमशेर सिंह बेनीवाल और जिला सचिव देसराज माचरा सहित अन्य नेताओं ने सवाल उठाया कि क्या ऐसे संबोधनों के लिए केवल सार्वजनिक अवकाश का दिन ही उपयुक्त है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सुनियोजित तरीके से छुट्टियों को खत्म करने की साजिश है। संघ ने कहा कि शिक्षा सुधार के नाम पर शिक्षकों पर गैर-शैक्षणिक कार्य थोपे जा रहे हैं।

## पेयजल के भयावह हालात : तीन हफ्तों से नलों में बह रहा काला पानी

# थाना रोड से सटे मोहल्लों में सीवरयुक्त काले रंग की हो रही पेयजल आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जनस्वास्थ्य विभाग के गैर जिम्मेदाराना रवैये के चलते शहर में पेयजल सप्लाई के भयावह हालात है। पिछले काफी समय से पुराने शहर के मुख्य बाजारों व कालोनियों में सीवरयुक्त गंदे पानी की सप्लाई हो रही है। पानी का रंग बिलकुल काला है। देखने में सीवर के मेनहोल से सीधा सप्लाई किया गया पानी लगता है। जनस्वास्थ्य विभाग को शहरवासियों ने कई बार इसकी शिकायत की है। यह नहीं है कि जनस्वास्थ्य विभाग हरकत में नहीं आता। विभाग अपने अनट्रेंड कर्मचारी भेजकर यहां प्रत्येक कालोनी में सडक़ें उधेड़ कर रख दी। जगह-जगह गलियां उखड़ी पड़ी हैं लेकिन सीवरयुक्त पेयजल की सप्लाई बंद नहीं हुई। वीरवार को भी शहर के थाना रोड से सटे मोहल्लों में काले रंगे के बदबूदार पानी की सप्लाई होती रही जिससे मोहल्लावासियों में काफी रोष पाया जा रहा है। लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो लघु सचिवालय जाकर रोष प्रदर्शन करेंगे। थाना रोड से सटे मोहल्ले कृष्णपुरा, मस्जिद वाला स्कूल क्षेत्र, गली रामबाग, शादीराम घी वाली गली, सतीश एमसी वाली गली, अप्पू नहर, हरनाम सिंह गुरूद्वारे वाली गली सहित अनेक कालोनियों में पिछले 3 सप्ताह से सीवरयुक्त गंदे पानी की सप्लाई हो रही है। पानी की सप्लाई सुबह 5 बजे और दोपहर 2 बजे निर्धारित समय पर होती है। दोपहर 2 बजे तक पेयजल सप्लाई आती है तो पूरे मोहल्ले में सीवरेज की दुर्गंध फैल जाती है। लोग उबाल कर पीने या फिर कैम्पर मंगवाकर प्यास बुझाने को मजबूर है। इस बारे तीन महीनों से ही जनस्वास्थ्य विभाग के जेई और एसडीओ को कई बार फोन पर बताया गया। ऐसा नहीं है कि अधिकारियों ने कार्रवाई नहीं की। अधिकारियों द्वारा हर बार औपचारिकता निभाने के लिए दिहाड़ीदार मजदूर भेज दिए जाते हैं। जिनका कहना होता है कि सीवरेज की पाइप लाइन गलकर पंचर हो गई है और उसका गंदा पानी पेयजल सप्लाई लाइन में मिक्स होकर घरों में सप्लाई हो रहा है। इसी प्रकार यह गली तोडक़र पाइप ढूंढने का प्रयास करते रहे हैं लेकिन इन्हें अभी तक सफलता हासिल नहीं हुई। यहां के वाशिंदे गंदा पानी पीने को मजबूर है। वीरवार को गली रामस्वरूप पकौड़े वाली में जब गंदा पानी की सप्लाई आई तो वहां मौके पर पहुंचे जनस्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को विरोध का सामना करना पड़ा। मौके पर मौजूद अनिल कुमार, मेशी नारंग, यश कुमार, सोमनाथ, नंदलाल इत्यादि ने चेतावनी दी कि एक-दो दिन में पानी की सप्लाई ठीक नहीं हुई तो वह लघु सचिवालय में धरना देने को मजबूर होंगे।

हरिभूमि सरोकार



फतेहाबाद। घरों में सप्लाई हो रहा काला सीवरयुक्त पेयजल। *फोटो : हरिभूमि*

### समस्या का करवाया जा रहा समाधान

शहर के इन क्षेत्रों में आपके द्वारा गंदे पानी के सप्लाई की शिकायत मिली हैं। इस समस्या का पता लगाकर ठीक करवाया जा रहा है। आज इन मोहल्लों में सीवरेज के मेनहोलों की सफाई की गई है। अब पानी सप्लाई चलेगी तो पता लगेगा कि कहां से लीकेज है। **-सतपाल रोज**, एसडीओ

### कोई स्थायी समाधान नहीं हुआ

स्थानीय लोगों ने बताया कि इस गंभीर समस्या को लेकर उन्होंने कई बार जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को शिकायत की, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया। उनका कहना है कि शायद सीवरेज लाइन और जलापूर्ति लाइन कहीं पर क्रॉस हो गई है, जिस कारण पानी में गंदगी मिल रही है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे विभागीय कार्यालय का घेराव करेंगे। गलीवासियों ने प्रशासन से जल्द से जल्द पानी की गुणवत्ता जांच कर सुधार की मांग की है।



सिरसा। आपदा प्रबंधन को लेकर मॉक एक्सरसाइज करते कर्मचारी।

# घग्घर किनारे बाढ़ आपदा प्रबंधन को लेकर मॉक एक्सरसाइज

■ एनडीआरएफ, आपदा प्रबंधन विभाग, पुलिस और सिविल डिफेंस ने किया संयुक्त अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

जिला प्रशासन द्वारा शुक्रवार को घग्घर नदी के किनारे गांव झोरड़ नाली के पास बाढ़ आपदा प्रबंधन को लेकर मॉक एक्सरसाइज आयोजित की गई। इस दौरान विभिन्न विभागों की टीमों ने आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अभ्यास किया। जिला राजस्व अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि मॉक एक्सरसाइज के लिए ऐसा परिदृश्य तैयार किया गया, जिसमें घग्घरनदी के एक हिस्से पर कटाव होने से एक व्यक्ति पानी में गिर जाता है। इस स्थिति में सबसे पहले व्यक्ति का सुरक्षित रेस्क्यू किया गया तथा कटाव वाले स्थान पर मिट्टी डालकर स्थिति को नियंत्रित करने का अभ्यास किया गया। घायल व्यक्ति को तत्काल एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल भेजा गया। साथ ही एनडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य का अभ्यास किया। उन्होंने बताया कि मानसून के मद्देनजर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। आमजन को बाढ़ से बचाव एवं सुरक्षा उपायों के प्रति लगातार जागरूक किया जा रहा है। घग्घरनदी के जलस्तर की प्रतिदिन निगरानी की जा रही है तथा पीछे के क्षेत्रों में भी जलस्तर पर लगातार नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में घग्घरनदी में अधिक पानी नहीं है और सिरसा जिले में बाढ़ जैसी कोई स्थिति नहीं है। उन्होंने कहा कि इस मॉक एक्सरसाइज का मुख्य उद्देश्य विभिन्न विभागों की तैयारियों का परीक्षण करना तथा किसी भी संभावित बाढ़ जैसी आपदा की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करना है।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर डीएसपी सुभाष चंद्र, एनडीआरएफ के अधिकारी मेजर विशाल सागर, तहसीलदार प्रदीप अहलावत, एसडीओ सिंचाई विभाग रविंद्र, एसएमओ डा. ओम प्रकाश, सरपंच विजय कुमार, नंबरदार बलदेव सिंह, होमगार्ड से राजेश कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# बिजली कटौती से भड़के ग्रामीण

■ निगम कार्यालय पर लगाया धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭डिंग

भीषण गर्मी, उमस और लगातार लग रहे बिजली कटों से परेशान डिंग क्षेत्र के ग्रामीणों का गुस्सा शुक्रवार को फूट पड़ा। नियमित बिजली आपूर्ति की मांग को लेकर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने डिंग विद्युत निगम कार्यालय के मुख्य गेट के सामने धरना-प्रदर्शन किया और विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।



सिरसा। बिजली संकट से परेशान धरने पर बैठे ग्रामीणों से बात करते निगम के एसडीओ।

### एसडीओ ने दिया समाधान का आश्वासन

धरने की सूचना मिलने पर विद्युत निगम के एसडीओ राजेंद्र कुमार तथा डिंग थाना प्रभारी निर्मल सिंह मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। एसडीओ ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि कुछ बिजली कट उच्च स्तर से लगाए जा रहे हैं। जैसे ही पर्याप्त विद्युत आपूर्ति मिलती है, उसे उपलब्ध खपत के अनुसार वितरित किया जाता है। उन्होंने बताया कि जहां विद्युत लाइनों पर मरम्मत या रखरखाव का कार्य चलता है, वहां सुरक्षा की दृष्टि से सप्लाई बंद करनी पड़ती है।

# फतेहाबाद में दिखा मोदी की जींद रैली का उत्साह

# हाइड्रोजन ट्रेन के शुभारंभ का लाइव प्रसारण देखा



फतेहाबाद। ई-रिक्शा में सवाल पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल व अन्य नेता।



फतेहाबाद। शहर में पैदल यात्रा निकालते भाजपा जिलाध्यक्ष व अन्य कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जींद से देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के कार्यक्रम का शुक्रवार को फतेहाबाद के डीपीआरसी सभागार में जिला स्तरीय लाइव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में नागरिकों ने हिस्सा लिया। आयोजन के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए ई-रिक्शा, साइकिल और पैदल रैली निकाली गई। वहीं कार्यक्रम में भारी भीड़ उमडऩे से डीपीआरसी हॉल छोटा पड़ गया और बाहर भी लोगों के बैठने की व्यवस्था करनी पड़ी।

### हरित परिवहन का दिया संदेश

कार्यक्रम से पहले पंचायत भवन से डीपीआरसी सभागार तक मुख्यअतिथि के तौर पर पहुंचे नलवा के विधायक रणधीर पनिहार ने ई-रिक्शा जागरूकता रैली को रवाना किया। दूसरी ओर भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता अनाज मंडी शेड से साइकिलों पर पहुंचे, महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने इलेक्ट्रिक स्कूटी से पहुंचकर स्वच्छ ऊर्जा अपनाने का संदेश दिया।

### हाइड्रोजन ट्रेन विकसित भारत की नई पहचान

मुख्य अतिथि विधायक रणधीर पनिहार ने कहा कि देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन भारत की तकनीकी क्षमता, स्वच्छ ऊर्जा और हरित परिवहन की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आधुनिक आधारभूत ढांचे और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

### देश व प्रदेश का विकास निरंतर जारी : जोड़ा

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीन जोड़ा ने इस सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन, पुलिस बल, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा और सभी प्रकोष्ठों के कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति के नए आयाम स्थापित कर रहा है। जींद की रैली का जो ऐतिहासिक उत्साह था, उसकी धमक आज फतेहाबाद में साफ देखी गई।

### भीड़ से भरा डीपीआरसी हॉल, कुछ देर बंद हुई स्क्रीन

प्रधानमंत्री का संबोधन सुनने के लिए डीपीआरसी सभागार में क्षमता से अधिक लोग पहुंच गए। हॉल भरने के बाद बाहर भी टेंट और कुर्सियां लगानी पड़ीं तथा बाद में प्रवेश रोकना पड़ा। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री के भाषण से ठीक पहले एलईडी स्क्रीन कुछ सेकेंड के लिए बंद हो गई, हालांकि तकनीकी खामी तुरंत दूर कर दी गई। इसके बाद लोगों ने पूरे कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा। आयोजन में रतिया विधायक जरनैल सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, पूर्व मंत्री देवेंद्र बबली, डीसी डॉ. विवेक भारती, एसपी निकिता खट्टर सहित अनेक जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।



सिरसा। कार्यक्रम को संबोधित करते सुभाष बराला। *फोटो : हरिभूमि*

## हाइड्रोजन ट्रेन भारत की तकनीकी क्षमता और नवाचार का प्रतीक : सुभाष बराला

**सिरसा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को जींद में आयोजित कार्यक्रम में भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का शुभारंभ किया और इसके सहित लगभग 14,700 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीडीएलयू सिरसा के मल्टीपर्पज हॉल में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में सीधा प्रसारण किया गया। इस अवसर पर सभी उपस्थितजनों ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के संबोधन को सुना। जिला स्तरीय कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के चार लाभपात्रों को चाबी सौंपी।

# भट्टू कलां में 'आधार' संकट : 25 गांवों के लिए मात्र एक केंद्र, तपती धूप में कतारों में खड़े रहने को मजबूर ग्रामीण

रण सिंह माचरा ⏭भट्टूकलां

खंड में केवल एक आधार एनरोलमेंट सेंटर संचालित होने के कारण क्षेत्र के लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। भट्टू खंड के लगभग 20 से 25 गांवों की विशाल आबादी के लिए वर्तमान में केवल एक ही आधार केंद्र कार्यरत है, जो स्थानीय नागरिकों की जरूरतों के मुकाबले बेहद नाकाफी साबित हो रहा है। पहले भट्टू कलां में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय, फतेहाबाद रोड स्थित कैंची क्षेत्र तथा अन्य स्थानों पर भी आधार केंद्र सुचारू रूप से चल रहे थे।



भट्टूकलां। आधार केन्द्र पर अपनी बारी का इंतजार करती महिलाएं।

### बिना काम लौटे लोग

एकमात्र केंद्र होने के कारण ग्रामीणों को भीषण गर्मी के बीच घंटों कतारों में खड़ा रहना पड़ता है। स्थानीय निवासी पूजा, बजरंग और सुनीता ने बताया कि वे कई दिनों से अपने बच्चों के आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए सुबह से कडक़ती धूप में भूखे-प्यासे खड़े रहते हैं, लेकिन समय समाप्त होने पर उन्हें बिना काम कराए ही वापस लौटना पड़ता है।

### कर्मचारियों की कमी और सीमित कार्य समय

डाकघर में मात्र दो कर्मचारी तैनात हैं। उन्हें अपने नियमित डाक संबंधी कार्यों के साथ-साथ आधार सेवाओं का जिम्मा भी संभालना पड़ रहा है। व्यस्तता के कारण प्रतिदिन केवल दो से तीन घंटे ही आधार का काम हो पाता है। इस अवधि में औसतन केवल 15 से 20 लोगों के ही आधार कार्ड अपडेट हो पाते हैं। पोस्टमास्टर विक्रम के अनुसार, केंद्र पर रोजाना लगभग 200 लोग आधार संबंधी कार्यों के लिए पहुंचते हैं।

### प्रशासन से अतिरिक्त केंद्र खोलने की मांग

क्षेत्र के निवासी पवन, संजय, सुमित, अमित, नवीन व गोपाल सहित अनेक ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से तुरंत हस्तक्षेप करने की गुहार लगाई है।



# ओएमजी 2 का आइडिया मेरा था क्रेडिट तक नहीं दिया गया : परेश

**मुंबई।** अभिनेता परेश रावल ने अक्षय कुमार और पंकज त्रिपाठी की फिल्म 'ओएमजी 2' को लेकर एक बड़ा दावा किया है। एक्टर ने दावा किया कि 'ओएमजी 2' की कहानी असल में एक आइडिया के तौर पर शुरू हुई थी, जिसे उन्होंने डायरेक्टर अमित राय के साथ मिलकर डेवलप किया था। बाद में उन्हें ही इस कहानी या कॉन्सेप्ट का क्रेडिट नहीं दिया गया। एक्टर ने यह भी कहा कि अक्षय कुमार के इस प्रोजेक्ट से जुड़ने के बाद कहानी में काफी बदलाव किए गए, जिसकी वजह से उन्होंने फिल्म से अलग होने का फैसला किया। उन्होंने बताया कि उनकी ओरिजिनल कहानी पिता-बेटे के रिश्ते पर आधारित एक ड्रामा थी, जिसमें यौन शिक्षा, लोगों के बीच बेइज्जती और न्याय के लिए माता-पिता की लड़ाई जैसे मुद्दे शामिल थे।

लाइफ Style



# कृति
## सनकी लड़की का रोल करना चाहती हूं

कृति सेनन का कहना है कि अब वे लीक से हटकर किरदारों के जरिए खुद को चुनौती देने के लिए उत्साहित हैं। अभिनेत्री ने माना कि वे जाने-पहचाने किरदारों से आगे बढ़ना चाहती हैं और उन्हें खास तौर पर साइकोलॉजिकली इंटेंस किरदार पसंद हैं। उन्होंने कहा कि वे पर्दे पर 'साइको चिक' का रोल निभाना पसंद करेंगी।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कृति सेनन ने हाल ही में एक बातचीत में उस तरह के किरदारों के बारे में बात की, जिन्हें वे भविष्य में आजमाना चाहती हैं। उन्होंने बताया कि साइकोलॉजिकल ड्रामा 'ऑब्सेशन' देखने के बाद उन्हें स्क्रिप्ट चुनने के अपने तरीके पर फिर से सोचने की प्रेरणा मिली। फिल्म के असर के बारे में बात करते हुए कृति ने कहा, 'जब मैंने 'ऑब्सेशन' देखी, तो मुझे लगा, 'अरे बाप रे, हमें सेफ खेलने की आदत छोड़नी होगी। हमें कुछ हटकर करना होगा'। इसने मुझे सच में बहुत उत्साहित किया। कृति सेनन एक 'साइको' लड़की का किरदार निभाना चाहती हैं। एक्ट्रेस ने जेंडाया जैसे स्टार्स को भी इसका क्रेडिट दिया, जिन्होंने अपनी शानदार परफॉर्मेंस मुश्किल किरदारों को निभा पाने की हिम्मत से प्रेरित किया है। कृति ने रियल पर्सनैलिटी से बिल्कुल हटकर किरदार निभाने की ख्वाहिश जताई। उन्होंने कहा, 'मैं एक सनकी किरदार निभाना चाहती हूं'। कृति सेनन ने कहा, 'मैं किरदारों को लेकर सेफ साइड में नहीं चलना चाहती। एक अभिनेत्री के रूप में, ऐसा जीवन जीना बहुत रोमांचक है, जो आपके जीवन से बिल्कुल अलग है और उस व्यक्ति का पता लगाना जो आप नहीं हैं। मैं पूरी तरह से किसी मानसिक रोगी का किरदार निभाना पसंद करूंगी'। कृति के वर्क फ्रंट की बात करें तो हाल ही में उन्हें 'कॉकटेल 2' में देखा गया।

हॉलीवुड मसाला



## बड़े शहरों में द ओडिसी के टिकट काफी महंगे

**नई दिल्ली।** क्रिस्टोफर नोलन की मच अवेटेड फिल्म 'द ओडिसी' शुक्रवार को थिएटर्स में रिलीज हो चुकी है। टिकट की कीमतें चौंकाने वाली हैं। पुणे के आईएनओएक्स मेगाप्लेक्स में रिक्लाइनर सीट की कीमत 3,400 है। मुंबई के लोअर परेल स्थित पीवीआर आइकान, फीनिक्स पैलेडियम में यही सीट 3,100 में मिल रही है। वहीं, दिल्ली-एनसीआर के पीवीआर आईमैक्स (प्रिया) में टिकट 2,500 तक पहुंच गए हैं। बेंगलुरु में सिनेपोलिस नेक्सस शांतिनिकेतन में एक टिकट 1,950 का है, जबकि आईएनओएक्स साउथ सिटी मॉल में टिकट 1,240 तक मिल रहा है। फिल्म को लेकर दर्शकों में काफी एक्साइटमेंट है और एडवांस बुकिंग भी तेजी से हो रही है।



## सिनेमा में आने से पहले करता था कारपेंटर का काम

**नई दिल्ली।** ऐसे कई एक्टर हुए, जिन्होंने अपने स्ट्रगल के दिनों में छोटे- मोटे काम किए और फिर सिनेमा के बड़े स्टार बने. उनके टैलेंट को पूरी दुनिया ने सराहा। आज हम ऐसे ही एक एक्टर के बारे में बताने जा रहे हैं। वो एक्टर हैं हैरिसन फोर्ड। 1960 के दशक के आखिर में संघर्ष कर रहे हैरिसन फोर्ड ने अपने परिवार का खर्च चलाने के लिए लाइब्रेरी की किताबों को पढ़ कर कारपेंटरी (बढ़ई का काम) सीखी और वह हॉलीवुड सेलेब्स के बीच पसंदीदा कारीगर बन गए। 1975 में जब वह उस ऑफिस में दरवाजा लगा रहे थे, जहां जॉर् 'स्टार वॉर्स' के लिए ऑडिशन ले रहे थे। तब फोर्ड से ऑडिशन देने वाले एक्टर्स के साथ डायलॉग पढ़ने के लिए कहा गया। उनकी प्रतिभा को देखते हुए उन्हें 'हान सोलो' के रोल के लिए चुना गया। फोर्ड 1960 के दशक में हॉलीवुड आए और कोलंबिया पिक्चर्स के साथ कॉन्ट्रैक्ट साइन किया। उन्हें सिर्फ छोटे-मोटे और असंतोषजनक रोल मिले, जिनसे मुश्किल से ही गुजारा हो पाता था।



## हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में लोग सपोर्ट नहीं करते

**मुंबई।** अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह कई तेलुगु और हिंदी फिल्मों में काम कर चुकी हैं। हाल ही में उन्होंने दोनों इंडस्ट्रीज में काम करने के माहौल के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि उन्हें लगता है कि टॉलीवुड में लोग एक बड़े परिवार की तरह काम करते हैं, जबकि बॉलीवुड में माहौल अलग होता है। रकुल प्रीत सिंह ने बताया कि तेलुगु इंडस्ट्री ने हमेशा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया है और सपोर्ट किया है। रकुल के मुताबिक, वहां के एक्टर्स, डायरेक्टर्स और प्रोड्यूसर्स हमेशा एक-दूसरे का हौसला बढ़ाने के लिए तैयार रहते हैं। उन्होंने कहा कि वे खुशी-खुशी एक-दूसरे के ट्रेलर को प्रमोट करते हैं। दूसरी ओर, उन्होंने कहा कि हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में उन्हें अक्सर लोगों में असुरक्षा की भावना महसूस होती है। उन्होंने कहा कि इसी वजह से कई लोग खुलकर दूसरों की फिल्मों को सपोर्ट नहीं करते हैं।



## 4000 करोड़ की रामायण में भगवान शिव बनेगा ये एक्टर

**नई दिल्ली।** नितेश तिवारी की 'रामायण' में भगवान शिव के किरदार के लिए मोहित रैना का नाम सबसे आगे चल रहा है। हालांकि, फिल्म के मेकर्स की ओर से अभी तक इस कास्टिंग को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। इसके बावजूद सोशल मीडिया और फिल्मी गलियारों में लगातार यही दावा किया जा रहा है कि मेकर्स इस अहम भूमिका के लिए मोहित रैना को लेकर काफी उत्साहित हैं। मोहित रैना ने टीवी के पॉपुलर शो 'देवों के देव... महादेव' में भगवान शिव का किरदार निभाकर जबरदस्त लोकप्रियता हासिल की थी। उनकी एक्टिंग, डायलॉग्स और स्क्रीन प्रेजेंस ने इस किरदार को दर्शकों के बीच बेहद खास बना दिया था। यही वजह रही कि आज भी बड़ी संख्या में लोग उन्हें 'महादेव' के नाम से पहचानते हैं। अगर रिपोर्ट्स सही साबित होती हैं तो लंबे समय बाद दर्शकों को एक बार फिर उन्हें भगवान शिव के रूप में देखने का मौका मिल सकता है।

टीवी मसाला



## सोनू ने गाया था दूरदर्शन के पॉपुलर शो का गाना

**नई दिल्ली।** टीवी पर सिर्फ एक धुन बजती थी।.. और अगले ही पल पूरा घर चुप हो जाता था। बच्चों की बातें रुक जाती थीं, बड़े भी अपनी जगह छोड़ने का नाम नहीं लेते थे। जैसे-जैसे गाने की धुन आगे बढ़ती, वैसे-वैसे तिलिस्म और रोमांच से भरी एक नई दुनिया का दरवाजा खुलने लगता था। मजेदार बात ये है कि उस धुन को सुनकर करोड़ों लोगों ने बचपन बिताया, लेकिन उसकी आवाज के पीछे कौन था, ये राज आज भी बहुत कम लोग जानते हैं। फिल्मों में अपनी आवाज का जादू बिखेरने से पहले एक मशहूर सिंगर ने दूरदर्शन के इस सुपरहिट शो को अपनी आवाज देकर हमेशा के लिए यादगार बना दिया। ये शो था 'चंद्रकांता', जिसने 90s में दूरदर्शन पर आते ही दर्शकों को अपना दीवाना बना लिया था। शो की कहानी जितनी दिलचस्प थी, उसका टाइटल सॉन्ग भी उतना ही खास था। बहुत कम लोग जानते हैं कि इस यादगार टाइटल ट्रैक को सोनू निगम ने अपनी आवाज दी थी। उनकी आवाज ने शो के रहस्यमयी माहौल को ऐसा रंग दिया कि पहली धुन बजते ही लोग टीवी के सामने टिक जाते थे। तिलिस्म, ऐयारी, प्यार और सस्पेंस से भरी चंद्रकांता की दुनिया हर हफ्ते दर्शकों को नई रोमांचक यात्रा पर ले जाती थी। लेकिन शो का टाइटल सॉन्ग भी इसकी सबसे बड़ी पहचान बन गया. उस दौर में ना सोशल मीडिया था और ना ही यूट्यूब, फिर भी लोग इसकी धुन गुनगुनाते थे। यही वजह है कि आज भी ये गाना सुनते ही 90s की ढेर सारी यादें ताजा हो जाती हैं।

### आकांक्षा के कारण असहज हो जाते हैं धीरज

**नई दिल्ली।** टीवी एक्टर धीरज धूपर ने रियलिटी शो "लॉक अपः सच या सजा" में अपनी को-कंटेस्टेंट आकांक्षा चमोला को 'रेड फ्लैग' कहा है, क्योंकि उनके व्यवहार से धीरज को असहज महसूस होता है। शो के आने वाले 'जजमेंट डे'



एपिसोड में एक्टर अर्जुन कपूर धीरज से पूछेंगे कि वह आकांक्षा को क्या टैग देना चाहेंगे। आकांक्षा ने पहले खुलकर खुद को 'बाइसेक्सुअल' बताया था और बाद में शो के दौरान खुद को 'एसेक्सुअल' कहा। धीरज ने उन्हें रेड फ्लैग का टैग दिया और इसकी वजह भी बताई। उन्होंने कहा, रेड फ्लैग, जिस तरह से वह व्यवहार करती हैं, उससे मैं असहज हो जाता हूं। उन्होंने पामेला सेरेना के साथ आकांक्षा की करीबी बॉन्डिंग की ओर भी इशारा किया. धीरज की बात सुनकर आकांक्षा नाराज हो गईं और कहा- ऐसा लग रहा है जैसे मैं आपको शारीरिक रूप से असहज कर रही हूं। नेटफ्लिक्स के इस शो में आकांक्षा चौधरी, योगेश रावत, राम कपूर, श्रेया कालरा, शिवांगी जोशी, हर्षद चोपड़ा, सूफी मोतीवाला, धीरज धूपर और वरुण यादव (उर्फ लैला) जैसे मशहूर नाम शामिल हैं।

## 7 महीने की प्रेग्नेंसी में किया ताबड़तोड़ एक्शन



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण पर्दे पर कई तरह के रोल कर चुकी हैं। उन्होंने रोमांटिक हीरोन से लेकर एक्शन हीरोइन तक माना जाता है। दीपिका पादुकोण इन दिनों प्रेग्नेंट हैं। लेकिन, इस दौरान भी दिग्गज एक्ट्रेस का जज्बा कम होने का नाम नहीं ले रहा है। दीपिका पादुकोण अपनी तीसरी तिमाही में भी रुके बिना काम कर रही हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, दीपिका अपनी आने वाली फिल्म राका की शूटिंग लगातार चला रही हैं। आठ घंटे की तय शिफ्ट और वर्क-लाइफ बैलेंस की वकालत के बावजूद वे फिल्म को समय पर पूरा करने के लिए पूरी तरह समर्पित हैं।सात महीने की प्रेग्नेंसी में दीपिका नाइट शिफ्ट्स कर रही हैं और बेहद चुनौतीपूर्ण एक्शन सीक्वेंस शूट कर रही हैं। मैटरनिटी लीव से पहले वे इस प्रोजेक्ट को पूरा करने पर पूरा ध्यान दे रही हैं। फिल्म की टीम दीपिका के प्रोफेशनलिज्म से काफी प्रभावित है। टीम के एक सदस्य ने कहा, "दीपिका ने मैटरनिटी ब्रेक से पहले फिल्म पूरी करने का फैसला कर लिया था। कुछ एक्शन सीक्वेंस बेहद मुश्किल और थकाऊ थे, लेकिन उन्होंने हर चुनौती को पार कर लिया. सेट पर उनका यह जुनून सबके लिए प्रेरणादायक है। साथ ही घर पर उनकी डेढ़ साल की बेटी को भी वे पूरा समय और प्यार दे रही हैं।" राका एटली की महत्वाकांक्षी साइंस-फिक्शन फैंटेसी एक्शन फिल्म है, जिसमें अल्लू अर्जुन और दीपिका पादुकोण मुख्य भूमिकाओं में हैं। बड़े बजट वाली इस पैन-इंडिया फिल्म में शानदार विजुअल इफेक्ट्स और दमदार एक्शन सीक्वेंस देखने को मिलेंगे.

## बंटवारा 1947 से पहले रिलीज हो रही हैं सनी की ये 3 फिल्में

**मुंबई।** सनी देओल अगले महीने फिर से पर्दे पर नजर आने वाले हैं। उनकी फिल्म बंटवारा 1947 सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। यह फिल्म 14 अगस्त को बड़े पर्दे पर दस्तक देगी। लेकिन, उससे पहले सनी देओल की लगातार तीन हफ्ते में तीन फिल्में रिलीज होने वाली हैं। सनी देओल बॉलीवुड के दिग्गज कलाकारों में से एक हैं। फैंस उनकी फिल्म का बेसब्री से इंतजार करते हैं। आने वाले 20 दिन के अंदर सनी देओल ने तीन बड़ी हिट फिल्में फिर से सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली हैं।




### कौन-कौन सी फिल्में होंगी रिलीज

दरअसल, पीवीआर इनॉक्स सनी देओल और राजकुमार संतोषी की शानदार विरासत का जश्न मना रहा है। इसके लिए वे 90 के दशक की तीन यादगार ब्लॉकबस्टर फिल्मों को फिर से रिलीज कर रहे हैं। इस रेट्रोस्पेक्टिव की शुरुआत 24 जुलाई को दामिनी से होगी, इसके बाद 31 जुलाई को घातक और 7 अगस्त को घायल को सिनेमाघरों में दिखाया जाएगा। यह दर्शकों को 14 अगस्त को 'बंटवारा 1947' की रिलीज से पहले बड़े पर्दे पर इन क्लासिक फिल्मों का अनुभव करने का मौका देता है। यह पहल भारतीय सिनेमा की सबसे मशहूर फिल्ममेकर-एक्टर जोड़ी को सम्मान देती है और साथ ही पुराने फैंस और नई पीढ़ी के दर्शकों को इन यादगार फिल्मों को एक बार फिर थिएटर में देखने के लिए आमंत्रित करती है। बात करें फिल्म 'दामिनी' की तो यह फिल्म पहली बार साल 1993 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म को बड़े पर्दे पर खूब पसंद किया गया था। 'दामिनी' में सनी देओल के साथ ऋषि कपूर,मीनाक्षी शेषाद्री और अमरीश पुरी मुख्य भूमिका में हैं। वहीं, फिल्म घातक में साल 1996 में सिनेमाघरों में आई थी। इस फिल्म ने उस वक्त बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी थी। 'घायल' की सनी देओल के कॅरियर की कल्ट फिल्मों में से एक है। यह फिल्म 1990 में रिलीज हुई थी। इन सभी फिल्मों में सनी देओल के साथ मीनाक्षी शेषाद्री मुख्य भूमिका में थीं।

### पर्दे पर शायर बनते-बनते रह गए, लीना के साथ आने वाले थे नजर

# 57 साल पहले डिब्बा बंद हुई थी अमिताभ की फिल्म

एजेंस ⏭ नई दिल्ली

अमिताभ बच्चन को आज के समय में हिंदी सिनेमा का महानायक माना जाता है। पिछले 6 दशकों से ज्यादा लंबे करियर में अमिताभ ने एक से बढ़कर एक मूवीज के जरिए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है। ज्यादा बातें उनकी हिट फिल्मों की जाती है, लेकिन आज चर्चा बिग बी की उस फिल्म के बारे में होगी, जिसमें अमिताभ बच्चन एक शायर की भूमिका निभाने वाले थे। ये एक बायोपिक मूवी थी और इसकी शूटिंग भी शुरू हो गई थी। लेकिन. फिर बाद में जाकर ये डिब्बा बंद हो गई। आइए जानते हैं कि अमिताभ बच्चन की 57 साल पुरानी वह फिल्म कौन सी थी।



### मिर्जा गालिब पर बनी हैं ये फिल्म

अमिताभ बच्चन बेशक पर्दे पर शायर मिर्जा गालिब की भूमिका नहीं निभा पाए। लेकिन, इस शायर की जिंदगी पर बनी सबसे मशहूर फिल्म मिर्जा गालिब (1954) में दिग्गज अभिनेता रहे भरत भूषण ने मुख्य भूमिका निभाकर वाहवाही लूटी थी।

### कुछ दिनों की शूटिंग के बाद बंद हो गई

फिल्म की कास्ट के स्क्रीन टेस्ट भी हो गए थे, जिसमें अमिताभ ने सभी को प्रभावित किया। इसी वजह से सवान कुमार ने मिर्जा गालिब के शुरुआती सीन्स को भी फिल्मा लिया था। लेकिन, कुछ दिनों की शूटिंग के बाद मिर्जा गालिब बंद हो गई। आईएमडीबी की रिपोर्ट में ये दावा किया जाता है कि इस मूवी के निर्माताओं का अमिताभ बच्चन की आवाज और दुबले-पतले शरीर को लेकर स्क्रीन प्रजेंस पर संदेह होने लगा। उन्होंने मिर्जा गालिब पर पैसा लगाने से मना कर दिया और सावन कुमार टांक की मूवी से हाथ पीछे खींच लिए। इस तरह से अमिताभ बच्चन और लीना चंदावरकर की मिर्जा गालिब ठंडे बस्ते में चली गई और फिर कभी रिलीज नहीं हो पाई।

### सावन कुमार ने बनाई थी फिल्म बनाने की योजना

साल 1969 में आई निर्देशक ख्वाजा अहमद अब्बास की फिल्म सात हिंदुस्तानी से अमिताभ बच्चन ने बतौर अभिनेता हिंदी सिनेमा में कदम रखा था। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि इससे पहले एक और ऐसी फिल्म बन रही थी, जिससे बिग बी का डेब्यू हो सकता था। इसी साल निर्देशक सावन कुमार टांक ने एक फिल्म बनाने की योजना बनाई थी, जिसका नाम था- मिर्जा गालिब। जी हां, मशहूर शायर रहे मिर्जा गालिब की बायोपिक में अमिताभ बच्चन को लीड एक्टर के तौर पर चुना गया। उनके साथ इस मूवी में अभिनेत्री लीना चंदावरकर को कास्ट किया गया था। सब कुछ सही चल रहा था।

## खबर संक्षेप

### बाइक सवार युवक को 7 ग्राम हेरोइन सहित किया गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने गश्त के दौरान गांव भावदीन क्षेत्र से बाइक सवार युवक को 7 ग्राम 68 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए सिरसा प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान गांव भावदीन क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान गांव भावदीन की ओर से बाइक सवार एक युवक आता हुआ दिखाई दिया। उक्त बाइक सवार युवक ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक बाइक को वापस मोडक़र भागने का प्रयास किया। पुलिस पार्टी ने शक के आधार पर उक्त युवक को काबू कर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी ली तो उसके कब्जा से 7 ग्राम 68 मिलीग्राम हैरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान राजेंद्र कुमार उर्फ संदीप पुत्र भगवानदास निवासी कोटली जिला सिरसा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना डिंग में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्जकर जांच शुरु की है।

### सिरसा की उपजाऊ भूमि को बंजर होने से बचाए सरकारः सैलजा

**सिरसा।** सांसद कुमारी सैलजा ने सिरसा जिले के अनेक गांवों में ट्यूबवेलों के पानी में सोडियम (काला शोरा) की अधिक मात्रा मिलने और मिट्टी की गुणवत्ता लगातार गिरने पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो जिले की हजारों एकड़ उपजाऊ भूमि बंजर होने का खतरा पैदा हो सकता है। कुमारी सैलजा ने कहा कि सरकार केवल जांच रिपोर्ट मांगने तक सीमित न रहे, बल्कि प्रभावित गांवों का विशेष वैज्ञानिक सर्वे कराए, किसानों को निःशुल्क मिट्टी एवं पानी की जांच उपलब्ध कराए, भूजल सुधार की योजना लागू करे तथा जिप्सम एवं अन्य मृदा सुधार सामग्री पर विशेष अनुदान दे। कुमारी सैलजा ने कहा कि किसानों की जमीन और आजीविका बचाने के लिए सरकार को तत्काल ठोस एवं समयबद्ध कार्रवाई करनी चाहिए।

### 4 अगस्त को कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री आवास के सामने होगी दर्शन रैली

# आशा वर्कर ने बीईओ को सौंपा हड़ताल का नोटिस

**प्रदेश भर से मिड-डे-मील वर्कर्स एक दिन का खाना त्याग कर इस रैली में भाग लेंगी**

- 11 वर्षों से मजदूरी नहीं बढ़ने पर नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

मिड-डे-मील वर्कर्स यूनियन हरियाणा की राज्य प्रधान राजरानी के नेतृत्व में रानियां ब्लॉक की मिड-डे-मील वर्कर्स ने शुक्रवार को खंड शिक्षा अधिकारी को 4 अगस्त 2025 की हड़ताल का नोटिस सौंपा। राज्य प्रधान राजरानी के नेतृत्व में हरजीवंथ कौर, निशा प्रधान, रजवंती आदि महिला वर्कर्स ने कहा कि 4 अगस्त को कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री आवास के सामने दर्शन रैली का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश भर से मिड-डे-मील वर्कर्स एक दिन का खाना त्याग कर इस रैली में भाग लेंगी। जिला सिरसा से भी हजारों वर्कर्स कुरुक्षेत्र पहुंचेंगी। वर्कर्स ने आरोप लगाया कि पिछले 11 सालों से भाजपा सरकार ने मिड-डे-मील वर्कर्स की मजदूरी में कोई बढ़ोतरी नहीं की। कर्मचारियों को पक्का करने और सुविधाएं देने की बजाय 4 लेबर कोड लागू कर दिए गए हैं। नई शिक्षा नीति के नाम पर हरियाणा में लगभग 6000 सरकारी स्कूल बंद किए जा रहे हैं। स्कूलों में बच्चों को मिड-डे-मील देने की बजाय वर्कर्स से बेगार ली जा रही है। यूनियन ने चेतावनी दी कि अगर मांगें नहीं मानी गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।



**सिरसा।** बीईओ को हड़ताल का नोटिस सौंपते हुए मिड-डे-मील वर्कर्स। फोटो : हरिभूमि

**यूनियन की प्रमुख मांगें**

12 जनवरी 2025 को पंचकूला में हुआ समझौता तुरंत लागू किया जाए, सेवानिवृत्ति आयु 60 वर्ष की जाए और रिटायरमेंट पर 2 लाख रुपए दिए जाएं, वेतन हर महीने की 5 तारीख तक दिया जाए, 2020 से लंबित वर्दी भत्ते का भुगतान हो और नई वर्दी दी जाए, कार्य के दौरान घायल होने पर इलाज का खर्च सरकार वहन करे, हटाई गई वर्कर्स को दोबारा नियुक्त किया जाए, हर महीने दो दिन का अवकाश दिया जाए, चारों लेबर कोड और नई शिक्षा नीति रद्द की जाए।





**फतेहाबाद।** पीलीमंदौरी में विद्यार्थियों को पौधे वितरित करते स्टाफ सदस्य।

### शहीद मनोज दहिया राजकीय कन्या स्कूल में गूंजा पर्यावरण बचाओ का नारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

शहीद मनोज दहिया राजकीय कन्या उच्च विद्यालय, पीलीमंदोरी में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं ईको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में पौधारोपण व पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना और धरती को हरा-भरा बनाना था। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में नीम, तुलसी, पीपल, अर्जुन, शीशम, सहजन, कढ़ी पत्ता, गुलाब और गुड़हल जैसे विभिन्न प्रकार के छायादार, औषधीय एवं फूलों के पौधे रोपे गए। इसके साथ ही छात्राओं को घरों में लगाने के लिए पौधों का वितरण भी किया गया।

**ये बोले मुख्य अध्यापक**

मुख्याध्यापक उत्तम शर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। आज पर्यावरण संतुलन के लिए पेड़ लगाना बेहद जरूरी हो गया है। उन्होंने छात्राओं से अपील की कि वे केवल पौधा लगाने तक सीमित न रहें, बल्कि पौधों की नियमित देखभाल और सुरक्षा करने का भी संकल्प लें, ताकि वे बड़े होकर घने वृक्ष बन सकें। इस दौरान 35 पौधे लगाए गए व 180 छात्राओं व स्टाफ में वितरित किए गए। इस अवसर पर दयावंती गोरछिया, पूनम बेनिवाल, मीनू कड़वासरा, तमन्ना, कविता, ममता, राजपाल, प्रदीप सरोहा व राजकुमार सहित अनेक स्टाफ सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



**ओढ़ां।** पावर प्लांट के अधिकारियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते हुए प्रधान व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### पावर प्लांट के अधिकारियों ने किया गौशाला के नवनिर्मित शैड का निरीक्षण

- मणिकरण पावर के एमडी नवजीत सिंह कलसी तथा प्रोजेक्ट मैनेजर अरविंद चौहान गौशाला पहुंचे

**ओढ़ां।** श्रीराम भगत हनुमान गौशाला नुहियांवाली में शुक्रवार को मणिकरण पावर के एमडी नवजीत सिंह कलसी तथा प्रोजेक्ट मैनेजर अरविंद चौहान पहुंचे। उन्होंने गौशाला में पावर प्लांट की तरफ से लग रहे शैड का निरीक्षण किया तथा गौसेवा के बारे में गौशाला कमेटी से विस्तृत चर्चा की। उन्होंने गौशाला के विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए गौशाला कमेटी को गौ सेवा के लिए साधुवाद दिया तथा भविष्य में भी मणिकरण पावर लिमिटेड की तरफ से गौशाला के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। श्रीराम भगत हनुमान गौशाला कमेटी की तरफ से आए हुए मेहमानों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर गौशाला प्रधान प्रहलाद नेहरा, सचिव सुभाष बिजारणिया, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश गोदारा, मास्टर सुभाष नेहरा, गौसेवक मोहनलाल बडजाती, पूर्व प्रधान महेंद्र निमीवाल, ब्लॉक समिति सदस्य सुरेंद्र कुकणा, पूर्व सरपंच राजेंद्र नेहरा, महेंद्र ज्याणी, कृष्ण लाल सहारण, ओमप्रकाश सुमरा, ख्यालीराम, मास्टर मदन जोशी, अनिल गढ़वाल, मांगेराम कुकणा, अमित ज्याणी आदि सदस्य मौजूद रहे।

## एफएलएन मिशन की सफलता में सीआरसी महत्वपूर्णः सुभाष फुटेला

**सिरसा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डिंग में सीआरसी के लिए दो दिवसीय एफएलएन ओरिएंटेशन कार्यक्रम आरंभ हो गया है। डाइट प्रवक्ता डॉ. विनोद ने बताया कि प्रशिक्षण के प्रथम दिन सिरसा, रानियां एवं बडागुढ़ा खंड के सीआरसी ने भाग लिया। ओरिएंटेशन प्रोग्राम के दूसरे दिन नाथूसरी चोपटा, डबवाली, ऐलनाबाद एवं ओढ़ा खंड के सीआरसी भाग लेंगे। कार्यक्रम के प्रथम दिन जिला शिक्षा अधिकारी एवं डाइट डिंग के प्राचार्य सुभाष फुटेला ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस मौके पर उनके साथ जिला परियोजना समन्वयक कृष्ण कुमार, जिला एफ.एल.एन. समन्वयक डॉ. कपिल देव तथा जिला विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. मुकेश कुमार मौजूद थे।



**सिरसा।** एफएलएन ओरिएंटेशन कार्यक्रम में भाग लेते सीआरसी।

**इन्होंने किया प्रतिभागियों को मार्गदर्शन**

प्रशिक्षण के दौरान डिस्ट्रिक्ट लेंग्वेज लर्निंग फाउंडेशन टीम से कॉर्डिनेटर जितेंद्र नेगी, सदस्य हजारी लाल, मारग्रेट, मनोज त्यागी, राजकुमार, एबीआरसी मोनिका, डाइट प्रवक्ता डॉ. राकेश मोहन, डॉ. मनोज पुरी एवं चंद्र प्रकाश शर्मा ने विभिन्न विषयों पर रिसोर्स पर्सन के रूप में प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। अंत में आईएफआईसी विंग प्रभारी नरेश नरूला एवं चंद्र प्रकाश शर्मा ने सभी मुख्यातिथियों, रिसोर्स पर्सन्स, प्रतिभागियों तथा आयोजन समिति के सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## न्यूज डायरी

### केंद्रीय विद्यालय फतेहाबाद में कक्षा 1 से 10 तक प्रवेश के लिए एक और मौका, 23 तक ऑफलाइन आवेदन

**फतेहाबाद।** केंद्रीय विद्यालय फतेहाबाद, बड़ोपल ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न कक्षाओं में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए तीसरी अधिसूचना जारी कर दी है। इसके तहत कक्षा पहली, दूसरी, चौथी, पांचवीं, आठवीं, नौवीं और दसवीं में उपलब्ध रिक्त सीटों पर प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों से ऑफलाइन आवेदन मांगे गए हैं। अभिभावकों को 23 जुलाई वीरवार शाम 4 बजे तक निर्धारित आवेदन पत्र भरकर विद्यालय में जमा कराना होगा। विद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। विद्यालय प्रशासन के अनुसार प्रवेश प्रक्रिया केवल उपलब्ध रिक्त सीटों के लिए ही आयोजित की जा रही है। आवेदन करने से पहले अभिभावकों को विद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रवेश संबंधी दिशा-निर्देशों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करने की सलाह दी गई है। आवेदन पत्र भी निर्धारित प्रारूप में भरकर आवश्यक दस्तावेजों सहित विद्यालय में जमा करना होगा।

### एएसडीडी सूची के आधार पर ही हटेंगे मतदाता बिना कारण किसी का नाम नहीं कटेगा

**सिरसा।** विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के दौरान किसी भी पात्र मतदाता का नाम बिना कारण मतदाता सूची से नहीं हटाया जाएगा। सोशल मीडिया और कुछ अन्य माध्यमों पर फैलाए जा रहे इस तरह के दावे पूरी तरह भ्रामक और तथ्यहीन हैं। निर्वाचन आयोग का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र भारतीय नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे और कोई भी अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल न हो। चुनाव तहसीलदार हनुमान दास ने बताया कि वर्ष 2025-26 का विशेष गहन पुनरीक्षण देश का दसवां गहन पुनरीक्षण है तथा हरियाणा में 24 वर्ष बाद यह प्रक्रिया कराई जा रही है। 24 जुलाई तक चल रहे गणना चरण के दौरान बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा प्रत्येक मतदाता को गणना प्रपत्र उपलब्ध कराया गया। जिन मतदाताओं ने हस्ताक्षरित गणना प्रपत्र जमा कर दिए हैं, उनके नाम प्रारूप मतदाता सूची में बिना किसी अतिरिक्त दस्तावेज की मांग के शामिल किए जाएंगे।

### मनदीप सिंह बने दशमेश युवा क्लब के प्रधान

**ओढां।** गांव चोरमार साहिब में युवाओं को सामाजिक कार्यों और रचनात्मक गतिविधियों से जोडने के लिए दशमेश युवा क्लब की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। इस विशेष बैठक में गांव के युवाओं ने बढ़-चढकर भाग लिया और सर्वसम्मति से महकदीप सिंह को क्लब का नया प्रधान चुना गया।बैठक में सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय के तहत खुशदीप सिंह को उपप्रधान पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके साथ ही क्लब को सुचारू रूप से चलाने के लिए गुरजिंदर सिंह को कोषाध्यक्ष, रमनदीप सिंह को महासचिव चुना गया और अन्य सक्रिय युवाओं को भी कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शामिल किया गया। इस अवसर पर ऐतिहासिक गुरुद्वारा चोरमार साहिब के मुख्य सेवादार संत बाबा गुरपाल सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों और सदस्यों को सिरोपा भेंट कर अपना आशीर्वाद दिया। युवाओं को प्रेरित करते हुए बाबा गुरपाल सिंह ने कहा कि युवा शक्ति ही देश और समाज का वास्तविक भविष्य है।

### निपुण हरियाणा मिशन, स्कूलों में सीखने के स्तर और शिक्षण गुणवत्ता पर विशेष फोकस

**फतेहाबाद।** निपुण हरियाणा मिशन का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे में आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक दक्षता विकसित करना है और इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सभी अधिकारी समन्वय के साथ कार्य करें। भाषा एवं गणित विषयों में बच्चों की बुनियादी दक्षताओं को मजबूत करने के लिए सक्रिय सहभागिता, अवधारणात्मक शिक्षण, नियमित फीडबैक, वर्कबुक समीक्षा तथा शिक्षण-सहायक सामग्री का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाए। स्कूलों के नियमित निरीक्षण और विद्यार्थियों की मेंटरिंग पर भी विशेष बल दिया जाए। यह निर्देश एडीसी अनुराग ढालिया ने निपुण हरियाणा मिशन के तहत जिला परियोजना क्रियान्वयन इकाई की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। बैठक में जिले में मिशन के विभिन्न घटकों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध तरीके से पूरा करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। फतेहाबाद व भट्टू ब्लाक के 40 स्कूलों को निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत पायलट प्रोजेक्ट के लिए चयनित किया गया है।



### चांदनी दूज पर श्रद्धा और उल्लास के साथ रामदेवरा पहुंचे श्रद्धालु

**फतेहाबाद।** आषाढ़ माह की चांदनी दूज के पावन अवसर पर शक्ति नगर स्थित प्राचीन बाबा रामदेव मंदिर रामदेवरा में श्रद्धालु पहुंचे और श्रद्धालुओं ने पूरी आस्था और श्रद्धा के साथ बाबा रामदेव जी के दरबार में हाजिरी लगाई। मंदिर रामदेवरा पहुंचे श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार में नारियल और ध्वजा चढ़ाकर अपने परिवार की सुख-समृद्धि के लिए मन्नतें मांगी। इसके साथ ही बाबा रामदेव महाराज की परिक्रमा करते हुए उनकी महिमा के गगनभेदी जयकारे लगाए, जिससे पूरा मंदिर रामदेवरा परिसर भक्तिमय माहौल में सराबोर हो गय। कार्यक्रम के दौरान बाबा रामदेव महाराज की पावन व सांची जोत प्रज्ज्वलित कर मुख्य आरती की गई। आरती के उपरांत बाबा को चूरमा, मिश्री, मिष्ठान, मेवा, खीर और बताशों का भोग लगाया गया और बाद में यह प्रसाद सभी उपस्थित श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। इससे पूर्व श्री बाबा रामदेव सेवा समिति के प्रधान रमेश जोइया ने समिति के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर बाबा रामदेव महाराज की प्रतिमा पर फूलों की माला अर्पित की और विधि-विधान से पूजा-अर्चना व आराधना की।

## डाइट मताना में ग्रुप-डी कर्मचारियों का 5 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न, व्यक्तित्व विकास पर रहा जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

एससीईआरटी, गुरुग्राम के निर्देशानुसार जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट), मताना में ग्रुप-डी कर्मचारियों के तृतीय बैच के पांच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। इससे पहले भी संस्थान द्वारा दो बैचों का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक आयोजित किया जा चुका है। इस तीसरे बैच में जिले के विभिन्न स्कूलों से आए 33 ग्रुप-डी कर्मचारियों ने बेहद उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी कार्यकुशलता को निखारने के गुर सीखे। यह पूरा कार्यक्रम डाइट के प्राचार्य विनोद कुमार श्योराण के कुशल मार्गदर्शन एवं निर्देशन में संपन्न हुआ। समापन अवसर पर आईएफआईसी विंग प्रभारी एवं वरिष्ठ प्रवक्ता राकेश मखीजा ने इस प्रशिक्षण की उपयोगिता पर विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ग्रुप-डी कर्मचारी किसी भी शैक्षणिक संस्थान की कार्यप्रणाली को सुचारू रूप से चलाने में सबसे महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं। इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम उनके व्यक्तित्व विकास, कार्यकुशलता, अनुशासन और टीमवर्क को मजबूत करने में मील का पत्थर साबित होते हैं।



**फतेहाबाद।** डाइट मताना में प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेते ग्रुप डी कर्मचारी।

**विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञ व्याख्यान दिए**

इस दौरान डाइट मताना के वरिष्ठ प्रवक्ता आशीष कुमार, ईश्वर सिंह, प्रदीप लौरा, देवेन्द्र सिंह, विनोद शर्मा, सुनीप, सुनील कड़वासरा, मोनिका जग्गा तथा आकाशदीप सहित डाइट मताना के संकाय सदस्यों ने विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञ व्याख्यान दिए। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद कर्मचारियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए इस कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी, ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि यहां से प्राप्त ज्ञान और व्यावहारिक कौशल का उपयोग वे अपने-अपने स्कूलों व कार्यस्थलों पर बेहतर तालमेल और मुस्तैदी के साथ काम करने में करेंगे।

### गुमटसर स्पोर्ट्स ट्रस्ट ने किया पौधारोपण, 100 पौधे लगाए

**रतिया।** श्री गुमटसर स्पोर्ट्स टैलेंट लाइव ट्रस्ट की ओर से गुमटसर अकादमी के खेल मैदान में पौधारोपण अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लायंस क्लब रतिया सिटी के पूर्व प्रधान हरवीर जोड़ा, अश्विनी ढुकिया तथा एडवोकेट संदीप टूरना ने शिरकत की। अतिथियों एवं ट्रस्ट सदस्यों ने संयुक्त रूप से 100 पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर अकादमी के बच्चों के अभिभावकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में ट्रस्ट के सदस्य हरदीप सिंह बोला, छिंदरपाल कौर बोला, अमनदीप कौर समरा, परमपाल सिहाग, हरमन सिंह, खुशदीप कौर, अजय बेदी, वेदप्रकाश, जीवन सिंह तथा गुरप्रीत सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथियों ने बच्चों को मिठाई एवं फल वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। ट्रस्ट के सचिव हरदीप सिंह ने पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान करते हुए कहा कि पौधारोपण केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उनकी नियमित देखभाल भी जरूरी है।



**रतिया।** पौधारोपण करते अतिथिगण व ट्रस्ट सदस्य।

**अभियान** टीम ने गांव में कई स्थानों का निरीक्षण कर लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया

# रोहन में चला जल संरक्षण अभियान, पानी की बर्बादी करने वालों को जारी किए नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा शुक्रवार को गांव रोहन में जल संरक्षण एवं पेयजल बचाओ अभियान चलाया गया। विभाग की टीम ने गांव में कई स्थानों का निरीक्षण किया तथा ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया। इस दौरान अभियान में कनिष्ठ अभियंता नवीन कुमार, बीआरसी प्रेम सारण, सरपंच जगसीर सिंह, विभागीय कर्मचारियों तथा ग्रामीणों ने भाग लिया।

उपमंडल अभियंता अजय ढाका ने कहा कि कुछ लोग पेयजल का उपयोग सब्जियां उगाने और अन्य गैर-जरूरी कार्यों में कर रहे हैं, ऐसे परिवारों को मौके पर ही नोटिस जारी किए गए। विभाग की ओर से उन्हें चेतावनी दी गई कि यदि भविष्य में पेयजल की बर्बादी जारी रही तो विभागीय नियमों के तहत उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पेयजल प्रत्येक नागरिक की मूल आवश्यकता है और इसकी एक-एक बूंद अमूल्य है। उन्होंने कहा कि विभाग किसी भी स्थिति में पेयजल की बर्बादी बर्दाश्त नहीं करेगा। जो भी व्यक्ति पेयजल का दुरुपयोग करेगा या निर्धारित नियमों का उल्लंघन करेगा, उसके विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



**सिरसा।** ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**पानी का सदुपयोग करें**

बीआरसी प्रेम साहरण ने ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि यदि आज से ही पानी बचाने की आदत नहीं अपनाई गई तो आने वाले समय में गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने सभी ग्रामीणों से पानी का सदुपयोग करने तथा जल संरक्षण अभियान को जन-आंदोलन बनाने में सहयोग देने की अपील की। अभियान के समापन पर ग्रामीणों ने पेयजल की बर्बादी रोकने, जल संरक्षण को बढ़ावा देने तथा प्रत्येक बूंद पानी के सदुपयोग का संकल्प लिया।

## फ्री ट्रेड एग्रीमेंट का बीकेई ने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

हरियाणा किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर भारतीय किसान एकता द्वारा केंद्र सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व बीकेई के मुख्य वक्ता गुरप्रीत सिंह संधू मोरीवाला ने किया। गुरप्रीत सिंह संधू ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा अमेरिका सहित कई देशों के साथ किए जा रहे अथवा प्रस्तावित फ्री ट्रेड एग्रीमेंट किसानों, मजदूरों, छोटे व्यापारियों, डेयरी, पशुपालन, मत्स्य पालन, मधुमक्खी पालन तथा कृषि आधारित सभी व्यवसायों के हितों के खिलाफ हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों और कृषि विशेषज्ञों के लगातार विरोध के बावजूद सरकार इन समझौतों को आगे बढ़ा रही है, जिससे देश का कृषि क्षेत्र गंभीर संकट में पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि यदि विदेशी कृषि उत्पादों का शुल्क मुक्त आयात बढ़ता है तो भारतीय किसानों की फसलों को उचित मूल्य मिलना और अधिक कठिन हो जाएगा तथा कृषि पर आधारित लाखों परिवारों की आजीविका प्रभावित होगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसान विरोधी नीतियां और फ्री ट्रेड एग्रीमेंट वापस नहीं लिए गए तो आंदोलन को पूरे हरियाणा और देशभर में और अधिक व्यापक किया जाएगा।



**सिरसा।** फ्री ट्रेड एग्रीमेंट का विरोध जताते किसान। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर गुरजीत सिंह मान, राजू फूलकां, अमरीक सिंह बाजवा, त्रिलोक सिंह, राज कंबोज, गुरविंद्र सिंह, परविंद्र सिंह, बलदेव सिंह भट्टी, शरणजीत सिंह, गुरप्रीत सिंह सुचान, बलदेव सिंह संधू, साहब सिंह भट्टी, संतोख सिंह महंत, बलजिंद्र झंड, बाबा तारा सिंह, जसमेर भट्टी, इंदरजीत खारा सहित बड़ी संख्या में किसान एवं मजदूर मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### बीडीपीओ ऑफिस में अंत्योदय मेला 26 को

**फतेहाबाद।** हरियाणा सरकार द्वारा मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत 26 जुलाई रविवार को रतिया के बीडीपीओ ऑफिस में प्रातः 9 से 5 बजे तक अंत्योदय मेले का आयोजन किया जाएगा। एडीसी अनुराग ढालिया ने बताया कि मेले का उद्देश्य पात्र एवं जरूरतमंद परिवारों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध करवाना तथा उन्हें जनकल्याणकारी योजनाओं से जोडऩा है। एडीसी ने बताया कि विभिन्न विभागों के अधिकारी मेले में अपने-अपने विभागों की योजनाओं की जानकारी देंगे ताकि पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ मिल पाए।

### अवैध पिस्तौल सहित हिसार का युवक काबू

**फतेहाबाद।** अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सीआईए फतेहाबाद की टीम ने भट्टू कलां क्षेत्र से एक युवक को अवैध पिस्तौल के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान हिसार जिले के गांव बालसमंद निवासी राहुल उर्फ गरड़ु के रूप में हुई है, जिसके कब्जे से 315 बोर की एक अवैध पिस्तौल बरामद की गई है। सीआईए फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक संदीप ने बताया कि पुलिस टीम अपराध रोकथाम, संदिग्धों की धरपकड़ और गश्त के सिलसिले में भट्टू कलां क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान टीम को पुख्ता गुप्त सूचना के आधार पर युवक को पकड़ा।

### गुरुद्वारा विश्वकर्मा साहिब में लगा निःशुल्क जांच शिविर

**रतिया।** गुरुद्वारा विश्वकर्मा साहिब में संक्रांत के अवसर पर दांतों का निःशुल्क चैकअप कैंप लगाया गया जिसमें डॉ. कुलभूषण गर्ग अपनी टीम के साथ कैंप में पहुंचे। इस दौरान संगत ने अपने दांतो का चैकअप करवाया। डॉ. कुलभूषण गर्ग ने बताया कि स्वास्थ्य की देख भाल में छोटी उम्र से लेकर बड़ी उम्र दराज के लोगों में दांतो की विशेष महत्वता है। खाना खाने के बाद समय समय पर इसकी नियमित सफाई जरूरी है और समय पर दांतों की सफाई न हो तो गलने सडऩे से शुरू होकर बिमारियों को जन्म देते हैं। इसलिए समय पर दांतों की संभाल जरूरी है। इस मौके पर गुरूद्वारा विश्वकर्मा साहिब कमेटी सदस्य मौजूद रहे और इस दौरान डॉ. कुलभूषण गर्ग व टीम का सम्मान किया गया।

### हेरोइन के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार, केस

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना शहर रतिया पुलिस ने हेरोइन के साथ एक महिला को रंगे हाथों काबू किया है। पकड़ी गई आरोपी महिला की पहचान भोली पत्नी बब्बी राम, निवासी पीरू राम बस्ती, रतिया के रूप में हुई है। थाना शहर रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि पुलिस की एक टीम गश्त, चेकिंग और अपराध रोकथाम के सिलसिले में वार्ड नंबर-5 स्थित बाईपास क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान वहां से गुजर रही एक महिला पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक घबरा गई और पीछे मुडक़र भागने का प्रयास करने लगी। इसी दौरान पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

*जुलाई में अब तक सामान्य से सिर्फ 30 प्रतिशत बारिश, 39 डिग्री तापमान और 56 प्रतिशत नमी से लोग बेहाल*

# मानसून ने फतेहाबाद से बनाई दूरी, गर्मी और उमस के कारण बिजली खपत 1.60 करोड़ यूनिट प्रतिदिन पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

**दोपहर के समय सड़कों से चहल पहल पूरी तरह से गायब**

जुलाई आधी बीत चुकी है, लेकिन फतेहाबाद में मानसून अब भी पूरी तरह मेहरबान नहीं हुआ है। जिले में सामान्य से बेहद कम बारिश होने के कारण जहां खेतों में फसलें सूखे और तेज धूप की मार झेल रही हैं, वहीं बढ़ी उमस ने आमजन का जीना मुहाल कर दिया है। हालात ऐसे हैं कि दिन में तेज धूप और रात में चिपचिपी गर्मी से लोगों को राहत नहीं मिल रही। बारिश नहीं होने से खेतों में लगातार ट्यूबवेल चल रहे हैं, जबकि घरों और बाजारों में एसी व कूलर पूरे दिन चलने से बिजली की मांग भी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। शुक्रवार को जिले का अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 32 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में 56 प्रतिशत नमी रहने और पश्चिमी हवाओं के कमजोर पडऩे से उमस का असर और अधिक बढ़ गया। दोपहर के समय बाजारों में चहल-पहल कम रही और लोग जरूरत पडऩे पर ही घरों से बाहर निकले। धान, नरमा, ग्वार की फसलें झुलस रही हैं। चिंता की बात है कि धान के खेत पानी की कमी से दरक रहे हैं।



फतेहाबाद। बारिश न होने से दरकते धान के खेत। *फोटो : हरिभूमि*

### 20 जुलाई तक मानसून कमजोर

डॉ. मदन खीचड़, विभागाध्यक्ष, कृषि मौसम विज्ञान विभाग, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार ने बताया कि 20 जुलाई तक हरियाणा में मानसून की गतिविधियां सीमित रहने की संभावना है। अधिकांश स्थानों पर मौसम शुष्क रहेगा, हालांकि कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। 20 जुलाई के बाद मानसून के दोबारा सक्रिय होने के संकेत हैं।

### फसलों पर मंडराया संकट

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार जुलाई में अब तक जिले में सामान्य वर्षा का केवल 30 प्रतिशत ही पानी बरसा है। इसका सीधा असर खरीफ फसलों पर दिखाई देने लगा है। धान की फसल को लगातार सिंचाई की जरूरत पड़ रही है, जबकि नरमा और ग्वार की फसल तेज धूप और नमी की कमी के कारण झुलसने लगी है। किसानों की चिंता बढ़ गई है क्योंकि यदि जल्द अच्छी बारिश नहीं हुई तो उत्पादन प्रभावित होने की आशंका है।

### ट्यूबवेल और एसी ने बढ़ाया बिजली पर दबाव

बारिश नहीं होने से किसान दिन-रात ट्यूबवेल चलाकर खेतों की सिंचाई कर रहे हैं। दूसरी ओर उमस से राहत पाने के लिए घरों, दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में एसी, कूलर और पंखों का इस्तेमाल लगातार बढ़ गया है। इसका असर बिजली व्यवस्था पर साफ दिखाई दे रहा है। जिले में बिजली की दैनिक खपत बढ़कर 1 करोड़ 60 लाख यूनिट तक पहुंच गई है, जो इस सीजन की सबसे अधिक मांग मानी जा रही है।

### 20 जुलाई तक नहीं मिलेगी राहत : एचएयू

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के कृषि मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार मानसून ट्रफ हिमालय की तलहटी की ओर खिसकने से हरियाणा में 20 जुलाई तक मानसून की गतिविधियां कमजोर बनी रहने की संभावना है। इस दौरान मौसम परिवर्तनशील रहेगा, आंशिक बादल छा सकते हैं तथा कुछ स्थानों पर गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ हल्की बूंदाबांदी हो सकती है, लेकिन अधिकांश क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहने के आसार हैं। विभाग ने 20 जुलाई के बाद मानसून ट्रफ के दोबारा दक्षिण की ओर आने पर मानसून के फिर सक्रिय होने की संभावना जताई है।

## एसडीओ ने बदला जेई का कार्यक्षेत्र, फोरमैन लक्ष्मण शर्मा को सौंपी जिम्मेदारी

# बिजली कटों पर फूटा लोगों का गुस्सा एसडीओ ऑफिस का 3 घंटे तक घेराव

**2 दिन में व्यवस्था नहीं सुधरी तो सोमवार को ताला लगाकर रोड जाम की चेतावनी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

शहर में लगातार लग रहे अघोषित बिजली कटों से नाराज लोगों का गुस्सा शुक्रवार को फूट पड़ा। बड़ी संख्या में शहरवासी बिजली निगम के उप मंडल अधिकारी (एसडीओ) कार्यालय पहुंचे और करीब तीन घंटे तक धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने बिजली आपूर्ति में सुधार नहीं होने पर सोमवार से बड़ा आंदोलन छेडऩे की चेतावनी दी। अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहे एसडीओ विक्की कश्यप ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों से बातचीत की और तत्काल समाधान का भरोसा दिया। इसके साथ ही उन्होंने जेई कुलदीप सिंह का कार्यक्षेत्र बदलते हुए फोरमैन लक्ष्मण शर्मा को भूना क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंप दी। प्रदर्शन में वाइस चेयरमैन नरेंद्र बागड़ी, पार्षद रोहतास गोयल, अजय तायल, पार्षद प्रतिनिधि बजरंग शर्मा, पार्षद रोहतास जांगड़ा, इनेलो नेता बलविंदर सिंह कैरों, अग्रवाल सभा के प्रधान बृजलाल बंसल, बलवीर सिंह मित्तल, जितेंद्र बंसल, अमित कुमार, सुशील बंसल, सुमित कुमार, दीपक बंसल, अंकित चमारखेड़ा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि शहर के फीडर से अडानी साइलो, कई बड़े उद्योग और ग्रामीण क्षेत्रों को भी जोड़ दिया गया है।

इससे फीडर पर क्षमता से अधिक लोड पड़ रहा है और शहरवासियों को बार-बार अघोषित बिजली कट झेलने पड़ रहे हैं। उनका कहना था कि शहरी फीडर से बाहरी क्षेत्रों और उद्योगों को जोडऩा नियमों के विपरीत है।



भूना। विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों से बातचीत करते एसडीओ। *फोटो : हरिभूमि*

### बिजली आपूर्ति में सुधार होगा : एसडीओ

एसडीओ विक्की कश्यप ने प्रदर्शनकारियों को आश्वस्त किया कि शहर की बिजली आपूर्ति में जल्द सुधार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भूना शहर की बिजली सप्लाई को खासा पठाना लाइन से हटाकर 220 केवी सिंथला सबस्टेशन से सीधे जोडऩे की प्रक्रिया शुरू की जा रही है, जिससे आपूर्ति अधिक सुचारू होगी। साथ ही उन्होंने तत्काल प्रभाव से जेई कुलदीप सिंह का कार्यक्षेत्र बदलते हुए फोरमैन लक्ष्मण शर्मा को भूना का कार्यभार सौंपने के आदेश दिए। प्रदर्शनकारियों ने बिजली निगम दो टूक चेतावनी भी दी।



रतिया। एसडीओ को ज्ञापन सौंपते किसान। *फोटो : हरिभूमि*

### सिंचाई ठप होने से फूटा किसानों का गुस्सा रतिया बिजली दफ्तर पर प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**रतिया।** रतिया क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती और अनियमित आपूर्ति से परेशान किसानों का गुस्सा शुक्रवार को फूट पड़ा। भारतीय किसान यूनियन (एकता उगराहां) हरियाणा इकाई रतिया के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसानों ने बिजली विभाग के एसडीओ को अपनी मांगों का एक ज्ञापन सौंपा। किसानों ने बिजली विभाग से जल्द से जल्द इस गंभीर समस्या का समाधान करने की मांग की है। मौके पर मौजूद किसानों ने बताया कि इस समय धान, नरमा और अन्य फसलों की सिंचाई का बेहद महत्वपूर्ण दौर चल रहा है। ऐसे नाजुक समय में बार-बार अघोषित बिजली कटने और निर्धारित समय पर बिजली न मिलने से खेतों की सिंचाई पूरी तरह प्रभावित हो रही है। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते फसलों को पर्याप्त पानी नहीं मिला, तो खेतों में खड़ी फसलें पूरी तरह बर्बाद हो जाएंगी, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। किसान नेताओं ने विभाग को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सोमवार तक इस समस्या का ठोस समाधान नहीं निकाला गया और क्षेत्र में नियमित व निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की गई, तो वे सोमवार को रतिया बिजली घर के मुख्य गेट पर अनिश्चितकालीन और शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन शुरू कर देंगे। किसानों ने साफ किया कि आंदोलन के दौरान उत्पन्न होने वाली किसी भी परिस्थिति की पूरी जिम्मेदारी बिजली विभाग और स्थानीय प्रशासन की होगी।



फतेहाबाद। हत्या के मामले में गिरफ्तार युवक। *फोटो : हरिभूमि*

### लोहे की रॉड से पीट-पीटकर की थी हत्या, पुलिस ने दबोचा एक और आरोपी

**फतेहाबाद।** थाना जाखल पुलिस ने क्षेत्र के चर्चित आकाशदीप सिंह हत्याकांड में एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान गांव रूपांवाली निवासी गुलचिंदर सिंह उर्फ रमन के रूप में हुई है। इस कत्ल की वारदात में पुलिस अब तक कुल नौ आरोपियों को सलाखों के पीछे भेज चुकी है। थाना जाखल प्रभारी उपनिरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि गांव मुस्साखेड़ा निवासी हैप्पी सिंह की शिकायत पर यह मामला दर्ज किया गया था। वारदात पिछले साल 10 अगस्त 2025 की है, जब आरोपियों ने रंजिश के तहत हैप्पी सिंह के चचेरे भाई आकाशदीप सिंह का दिनदहाड़े अपहरण कर लिया था। आरोपी उसे अगवा कर गांव रूपांवाली ले गए, जहां उसे एक कमरे में बंधक बनाकर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से बेरहमी से पीटा गया। जब आकाशदीप लहूलुहान होकर अधमरा हो गया, तो आरोपी उसे मरणासन्न हालत में घासवा रोड पर फेंककर फरार हो गए। परिजन जब उसे आनन-फानन में अस्पताल लेकर पहुंचे, तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। इस हत्याकांड को लेकर जाखल पुलिस ने पीड़ित परिवार के बयानों पर केस दर्ज किया था। पुलिस ने इस मामले में कड़ी कार्रवाई करते हुए पहले ही आठ मुख्य आरोपियों को जेल भेज दिया था, जबकि नौवें आरोपी गुलचिंदर सिंह उर्फ रमन की तलाश में छापेमारी जारी थी। आखिरकार पुलिस टीम ने जाल बिछाकर उसे दबोच लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की आगामी जांच और पूछताछ जारी है।

### रतिया पुलिस ने रताखेड़ा मारपीट मामले के एक ओर आरोपी को दबोचा

**फतेहाबाद।** गांव रताखेड़ा में रात के अंधेरे में हथियारों से लैस होकर एक परिवार पर जानलेवा हमला करने के मामले में थाना शहर रतिया पुलिस ने एक और आरोपी भीरा राम उर्फ भीरा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस इस मामले में एक आरोपी को पहले ही सलाखों के पीछे भेज चुकी है। थाना शहर रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि गाँव रताखेड़ा निवासी ज्ञानी राम ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत के अनुसार, बीती 27 अप्रैल की रात को कई हमलावर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से लैस होकर उसके घर में जबरन घुस आए थे। आरोपियों ने बेरहमी से शिकायतकर्ता और उसके परिजनों पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस खूनी हमले में परिवार के कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिन्हें नाजुक हालत में पहले नागरिक अस्पताल रतिया ले जाया गया और बाद में उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था।

# एसबीडीएस की छात्राओं ने बीएड परीक्षा में मारी बाजी

- रूची शर्मा ने 82 .57 प्रतिशत अंकों के साथ किया कॉलेज टॉप, कई विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा द्वारा घोषित बीएड द्वितीय वर्ष के परीक्षा परिणाम में एसबीडीएस शिक्षण महाविद्यालय, रतिया के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फतेहाबाद जिले का नाम रोशन किया है। महाविद्यालय की छात्रा रूची शर्मा ने 578 अंक यानि 82.57 प्रतिशत प्राप्त कर कॉलेज में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं भारती ने 556 अंक 79.43 प्रतिशत के साथ दूसरा तथा कांता रानी ने 555 अंक 79.29 प्रतिशत प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। परिणाम घोषित होने के बाद महाविद्यालय परिसर में खुशी का माहौल रहा। महाविद्यालय प्रशासन के अनुसार इस बार भी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। संस्थान का समग्र परीक्षा परिणाम भी उल्लेखनीय रहा, जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था, अनुशासित शैक्षणिक वातावरण, अनुभवी प्राध्यापकों के मार्गदर्शन और विद्यार्थी-केंद्रित शिक्षा प्रणाली का परिणाम माना जा रहा है। प्रबंधन का कहना है कि लगातार बेहतर परिणाम संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता को दर्शाते हैं। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. ममता चौधरी ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों की लगन और अभिभावकों के विश्वास का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि संस्थान का प्रयास केवल अच्छे परीक्षा परिणाम तक सीमित नहीं है, बल्कि ऐसे योग्य, संवेदनशील और कर्तव्यनिष्ठ शिक्षक तैयार करना है जो समाज और राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। महाविद्यालय की चेयरपर्सन शरणजीत कौर ने भी विद्यार्थियों और स्टाफ को सराहा।



फतेहाबाद। दीप सिंह महाविद्यालय में अव्वल रही छात्राएं।

### नेशनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन का रिजल्ट शानदार

**सिरसा।** नेशनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन का बीएड द्वितीय वर्ष 2025-26 का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। प्राचार्या डॉ. पूनम मिगलानी ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है और यह परिणाम छात्रध्यापक व शिक्षक वर्ग सभी की मेहनत व लगन के कारण ही संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय के 94 छात्रध्यापकों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक व शेष छात्रध्यापकों ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। जिसमें पलक ने 81.29 प्रतिशत, अर्शिता ने 80.71 प्रतिशत, रिया ने 80.14 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। सिरसा एजुकेशन सोसायटी के प्रधान अरविंद बंसल ने भी दात्राओं को बधाई दी।

# टेल पर कम पानी पहुंचने पर किसानों ने किया प्रदर्शन

- रिसालियाखेड़ा के किसानों ने सिंचाई विभाग को कोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डबवाली

उपमंडल के गांव रिसालियाखेड़ा में नहर की टेल तक पानी की कम आपूर्ति को लेकर किसानों ने विरोध प्रदर्शन किया। काफी संख्या में ग्रामीण और किसान नहर के अंतिम छोर पर एकत्र हुए और सिंचाई विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। किसानों ने मांग की कि टेल तक पूरा पानी पहुंचाया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि नहरी विभाग के अधिकारियों ने पिछली बार उन्हें आश्वासन दिया था कि इस बार टेल तक पूरा पानी उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि सिंचाई में कोई परेशानी न हो। हालांकि, करीब 12 घंटे बीत जाने के बाद भी टेल पर आधे से भी कम पानी पहुंच रहा है। इससे किसानों की चिंता बढ़ गई है, क्योंकि उन्हें पीने के पानी की कमी का भी डर सता रहा है। किसानों ने आरोप लगाया कि हर बार उन्हें पूरा पानी देने का भरोसा दिया जाता है, लेकिन टेल तक पहुंचते-पहुंचते पानी की मात्रा काफी कम रह जाती है। उनका कहना है कि टेल पर 10 हिस्सा पानी होना चाहिए, लेकिन अभी आधा भी नहीं पहुंच रहा है।

किसानों ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते पानी की पर्याप्त आपूर्ति नहीं हुई तो वे पक्का धरना लगाएंगे। वहीं नहरी विभाग के एक्सईएन रोहताश सहारण ने बताया कि पीछे से पूरा पानी छोड़ दिया गया है।

### शराब पिलाकर चांदी का कड़ा व नकदी लूटी

**फतेहाबाद।** दोस्ती और महफिल के नाम पर नशीला जाल बिछाकर लूटपाट करने वाले दो शातिर बदमाशों को थाना शहर रतिया पुलिस ने दबोच लिया है। आरोपियों ने पंजाब के एक युवक को पहले अपने साथ ले जाकर शराब पिलाई और फिर उसके बेहोश होते ही चांदी का कड़ा, मोबाइल और नकदी छीनकर रफूचक्कर हो गए। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान गांव दादूपुर निवासी सुनील कुमार और गांव मिराना निवासी जगदीप सिंह उर्फ जज के रूप में हुई है। थाना शहर रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि पंजाब के जिला मानसा के गांव दलेलवाला निवासी गुरदास सिंह ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के मुताबिक, 10 जुलाई को सुनील और जगदीप उसे अपने साथ लेकर गए थे। वहां उन्होंने गुरदास को अत्यधिक शराब पिला दी। इसके बाद वारदात का अंजाम दिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9253681005

## जिले भर के किसान संगठनों ने किया प्रदर्शन, सरकार पर जड़े आरोप

# अमेरिका के साथ ट्रेड डील रद्द करने की मांग को लेकर फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

प्रधानमंत्री के हरियाणा दौरे के विरोध में शुक्रवार को जिले भर में किसानों ने प्रदर्शन किया। किसान-मजदूर संघर्ष मोर्चा और पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के आह्वान पर किसान फतेहाबाद के लाल बत्ती चौक पर इक_ा हुए। यहां किसानों ने भारत सरकार द्वारा अमेरिका के साथ की गई ट्रेड डील के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया। यह विरोध प्रदर्शन सिर्फ शहर तक सीमित नहीं रहा, बल्कि जिलेभर के विभिन्न कस्बों और ग्रामीण स्तर पर भी किसानों ने पुतले फूंककर अपना आक्रोश जताया।



फतेहाबाद। लाल बत्ती चौक पर प्रदर्शन कर पुतला फूंकते किसान।

### तबाह हो जाएंगे किसान

इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति से लवी बाठ ने किया। इस अवसर पर किसान नेता छबील दास, बंटी सिंह, रवि सरोये, गुरप्रीत सिंह, सुरजीत उप्पल, मनदीप सिंह, करनैल सिंह आदि ने भी संबोधित किया। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए किसान नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार लगातार ऐसी नीतियां लागू कर रही है जो देश के किसानों, मजदूरों और आम जनता के हितों के पूरी तरह खिलाफ हैं। नेताओं ने चेतावनी दी कि अमेरिका के साथ प्रस्तावित यह डील भारतीय कृषि व्यवस्था के लिए विनाशकारी साबित होगी। यदि विदेशी कृषि उत्पादों को भारतीय बाजारों में बिना किसी कड़े प्रतिबंध या टैक्स के खुली छूट दी गई, तो देश का छोटा और मध्यम वर्ग का किसान बहुराष्ट्रीय कंपनियों के सामने टिक नहीं पाएगा। किसान नेताओं ने गहरी चिंता जताते हुए कहा कि इस समझौते के लागू होने से किसानों को नुकसान होगा।

### किसानों की मुख्य मांगें

- अमेरिका के साथ होने वाली इस किसान विरोधी ट्रेड डील को तुरंत रद्द किया जाए।
- भारतीय कृषि क्षेत्र को विदेशी कॉर्पोरेट के हस्तक्षेप से पूरी तरह सुरक्षित रखा जाए।
- किसानों को सभी फसलों पर एमएसपी की कानूनी गारंटी दी जाए।
- फसलों को बचाने के लिए ग्रामीण इलाकों में अघोषित बिजली कट तुरंत बंद किए जाएं और निर्बाध बिजली सप्लाई सुनिश्चित की जाए।

### बिजली दफ्तर का घेराव

लाल बत्ती चौक पर प्रधानमंत्री का पुतला दहन करने के बाद किसानों का काफिला सीधे बिजली विभाग के कार्यालय पहुंचा। यहां किसानों ने ग्रामीण इलाकों में लग रहे भारी अघोषित बिजली कटों को लेकर विभाग के खिलाफ जमकर गुबार निकाला। किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि गांवों में बिजली के लंबे कटों के कारण ट्यूबवेल नहीं चल पा रहे हैं, जिससे खेतों में खड़ी फसलों की सिंचाई पूरी तरह ठप हो गई है। इस नाजुक समय में फसलों को पर्याप्त पानी न मिलने से वे खेतों में ही दम तोड़ रही हैं और सूखने की कगार पर पहुंच चुकी हैं।